आई टी एल पब्लिक स्कूल
मध्यावधि परीक्षा (2025-26)
विषय- हिंदी
पुनरावृत्ति कार्यपत्रिका
उत्तरकुंजी


दिनांक : सितंबर 2025 | कक्षा : पंचम ____
समय : 2 घंटे | रोल नंबर : ______
नाम : _____ | निरीक्षक हस्ताक्षर : ____
अधिकतम अंक : 50

---

सामान्य निर्देश-
1) इस कार्यपत्रिका में 4 पृष्ठ , 4 भाग और कुल 15 प्रश्न हैं।
2) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
3) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सुंदर व साफ़ लिखाई में उत्तर दीजिए।

| | भाग क - पठन कौशल | |
|---|---|---|
| प्रश्न 1 | निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>'क्रिकेट' का नाम सुनते ही सब के मन में उत्साह भर जाता है। यह खेल गली, मोहल्ले ,राज्य से लेकर देश तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक खेले जाने वाला रोचक खेल है। क्रिकेट का खेल दो टीमों के बीच खेला जाता है। इस खेल से खेल भावना ,आपसी सहयोग व समझ भी बढ़ती है।क्रिकेट के प्रत्येक टीम में ग्यारह - ग्यारह खिलाड़ी होते हैं।ये सभी अच्छे गेंदबाज तथा फील्डर होते हैं।पहले एक टीम गेंदबाजी करती है तो दूसरी बल्लेबाज़ी करती है। बल्लेबाज़ी करने वाली टीम के एक समय में मैदान में दो बल्लेबाज खेलते हैं और रन बनाते हैं।उनमें से जो आउट हो जाता है वह खेल से हटकर चला जाता है तथा अन्य खिलाड़ी आ जाता है।इस प्रकार पूरी टीम जितने रन बनाती है,वह दूसरी टीम के लिए जीत का लक्ष्य बन जाता है। क्रिकेट के खेल में अंत तक रोमांच बना रहता है। | |
| क) | किसका नाम सुनते ही सब के मन में उत्साह भर जाता है ?<br>अ) गली     ब) मोहल्ले     स) राज्य     द) क्रिकेट | |
| ख) | यह खेल किसके बीच में खेला जाता है?<br>अ) फील्डरों के     ब) दो टीमों के     स) राज्यों के     द) गेंदबाज़ों के | |
| ग) | इस खेल में प्रत्येक टीम में कितने खिलाड़ी होते हैं ?<br>अ) ग्यारह     ब) बारह     स) चौदह     द) दश | |
| घ) | क्रिकेट खेलने से क्या लाभ हैं?<br>उत्तर क्रिकेट खेलने से खेल भावना ,आपसी सहयोग व समझ बढ़ती है। | |
| ङ) | गद्यांश में से विलोम शब्द ढूँढकर लिखें। | |

| | | |
|---|---|---|
| | 1) बुरे - अच्छे 2) आरंभ - अंत | |
| | भाग ख - भाषा कौशल | |
| प्रश्न 2 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित संज्ञा शब्दों का भेद लिखिए।<br>क) हिंदी की पुस्तक का नाम वीणा है। पुस्तक - जातिवाचक संज्ञा<br>ख) राम को भूख लग रही थी। राम - व्यक्तिवाचक संज्ञा | |
| प्रश्न 3 | निम्नलिखित शब्दों को भाववाचक संज्ञा शब्दों में बदलें।<br>क) मित्र ख) नौकर ग) हरा घ) पराया<br>उत्तर क) मित्रता ख) नौकरी ग) हरियाली घ) परायापन | |
| प्रश्न 4 | निम्नलिखित रिक्त स्थानों को कोष्ठक में दिए गए संज्ञा शब्द के अनुसार भरें।<br>क) यह पेंसिल मेरे ---मित्र------- की है। (जातिवाचक संज्ञा)<br>ख) हमें आपस में ---शत्रुता---- का भाव नहीं रखना चाहिए। (भाववाचक संज्ञा)<br>ग) ----सोहन---- को शिकार करना पसंद है। (व्यक्तिवाचक संज्ञा) | |
| प्रश्न 5 | निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया का उचित रूप लिखें।<br>क) मैं कल सिनेमा देखने -----जाऊँगा------------- ।<br>ख) शिव ने काम -------कर लिया-----------। | |
| प्रश्न 6 | निम्नलिखित वाक्यों में रेखांकित क्रिया शब्दों के काल लिखें।<br>क) मोहन कल मेरे घर गया था। उत्तर गया था - भूतकाल<br>ख) गीता विद्यालय जा रही है। उत्तर जा रही है - वर्तमान काल | |
| प्रश्न 7 | निम्नलिखित वाक्यों में निर्देशानुसार काल बदलकर वाक्य दोबारा लिखें।<br>क) बंदर केला खा रहा है। (भूतकाल)<br>उत्तर बंदर केला खा रहा था।<br>ख) माताजी खाना बनाती है। ( भविष्यत् काल)<br>उत्तर माताजी खाना बनाएगी।<br>ग) सुनील ने पेंसिल से चित्र बनाया था। (वर्तमान काल)<br>उत्तर सुनील पेंसिल से चित्र बना रहा है। | |
| प्रश्न 8 | निम्नलिखित शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>(क) पहाड़ - गिरि , नग (ख) गंगा - सुरनदी , सुरसरिता ग) तट - किनारा , कूल | |

| | | |
|---|---|---|
| प्रश्न **9** | दिए गए चित्र को पहचानकर उसके दो पर्यायवाची शब्द लिखिए।<br>क)  ख)  ग) <br>उत्तर क) भ्रमर , अलि ख) नारायणी , कालिका ग) खून , लहू | |
| | भाग ग - साहित्य कौशल | |
| प्रश्न **10** | नीचे दी कविता की पंक्तियों के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।<br>कहने लगी किरन यह सुनकर<br>मैं ही कब सो पाती हूँ<br>तुम्हें सुलाकर एक दूसरी<br>दुनिया में मैं जाती हूँ।<br>क) ये पंक्तियाँ कौन-सी कविता से ली गई हैं?<br>उत्तर ये पंक्तियाँ 'किरन' कविता से ली गई हैं।<br>ख) किरन कब दूसरी दुनिया में जाती है ?<br>उत्तर बालिका को सुलाकर किरन दूसरी दुनिया में जाती है।<br>ग) इन पंक्तियों के कवि कौन हैं?<br>उत्तर इन पंक्तियों के कवि निरंकार देव 'सेवक' हैं।<br>घ) कविता में से दो तुकबंदी शब्द ढूँढकर लिखिए।<br>उत्तर पाती , जाती | |
| प्रश्न **11** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **25-30** शब्दों में दीजिए।<br>क) किरन ने दूसरी दुनिया में जाने की बात क्यों कही होगी?<br>उत्तर धरती गोल है और वह अपने अक्ष पर निरंतर घूमती रहती है जिसके कारण एक जगह दिन होता है दूसरी जगह रात होती है। जब हमारे देश में शाम हो जाती है तब सूर्य की किरणें धरती के दूसरे भाग में पहुँचती है और वहाँ दिन हो जाता है इसलिए किरण कहती है कि वह दूसरी दुनिया में जाती है ।<br>ख) हीरासिंह ने सुंदरिया को बेचने का फैसला क्यों किया?<br>उत्तर -जब हीरासिंह के परिवार को खाने की कमी होने लगी, तो उसने सुंदरिया को बेचने का फैसला किया।<br>ग) यदि आप राजा के स्थान पर होते और आपको लड़के के बारे में पता चलता तो आप क्या | |

| | | |
|---|---|---|
| | करते?<br>उत्तर यदि मैं राजा के स्थान पर होता और मुझे लड़के के बारे में पता चलता कि वह बहुत ही सटीक (उचित) न्याय करता है तो मैं उसे अपने दरबार में बुलाकर सम्मानित करता और उसे सलाहकार के रूप में सबसे ऊँचे पद पर नियुक्त करता। | |
| प्रश्न **12** | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **40-50** शब्दों में दीजिए।<br>क) क्या राजा को प्रायश्चित करने के बाद सिंहासन पर बैठने का अधिकार मिलना चाहिए था? कारण बताकर स्पष्ट कीजिए।<br>उत्तर राजा को प्रायश्चित करने के बाद सिंहासन पर बैठने का अधिकार नहीं मिलना चाहिए था क्योंकि राजा ने प्रत्येक बार किसी न किसी मूर्ति के कहने पर ही अपने द्वारा की गई बुराइयों का प्रायश्चित किया था। छल और कपट उसके अंदर अभी भी विद्यमान था।<br>ख) सेठ हीरासिंह की गाय को देखकर क्यों प्रसन्न हुआ?<br>उत्तर सेठ हीरासिंह की गाय को देखकर इसलिए प्रसन्न हुआ क्योंकि गाय बहुत ही सुंदर और हष्ट-पुष्ट थी। उसे लगा कि वह गाय बहुत सारा दूध देगी और उसके लिए बहुत फायदेमंद साबित होगी। | |
| प्रश्न **13** | किसने कहा? किससे कहा?<br>(क) " लड़का सचमुच बहुत बुद्धिमान है।"<br>उत्तर राजा ने अपने मंत्री से कहा।<br>(ख) " कैसी गाय है?"<br>उत्तर सेठ ने हीरासिंह से कहा। | |
| प्रश्न **14** | रिक्त स्थान भरो।<br>(क) हीरासिंह -----हरियाणा---------- का रहने वाला था।<br>(ख) सिंहासन राजा ---विक्रमादित्य------------- का था। | |
| | भाग घ - लेखन कौशल | |
| प्रश्न **15** | निम्नलिखित में से <u>किसी एक विषय</u> पर अनुच्छेद लिखें।<br>अनुशासन या समय का सदुपयोग<br>छात्र अपनी रचनात्मकता से स्वयं लिखेंगें। | |